FAMILY WELFARE (SHRIMATI D. K. THARA DEVI SIDDHARTHA): (a) In terms of Government of India Ministry of Health & Family Welfare Orders No. Z. 2801530/90-ISM dated 9.11.1990, Non Practising Allowance was sanctioned to the group 'A' Medical Officers (Homoeopathy) working under the Delhi Administration.

(b) The Delhi Administration has forwarded the representation from Nehru Homoeopathic Medical College and Hospital Teaching Staff Association for grant of non-practising allowance. The Government has not, so far, taken any decision thereon.

परिवार नियोजन कार्यक्रम के लिये अमरीकी सहायता

3373. श्री बापू कालदाते: क्या स्वास्थ्य और और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि अमरीका भारत के परिवार नियोजन कार्यक्रम को और अधिक कारगर बनाने के लिये 32 करोड़ डालर की मदद दे रहा है; और

(ख) यदि हां, तो इस मदद से किस-किस राज्य में कौन-कौन से परिवार नियोजन कार्यक्रम शुरू करने का विचार है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती डी० के० तारादेवी सिद्धार्थ): (क) और (ख) जी, हां। उत्तर प्रदेश में परिवार नियोजन कार्यान्वित करने के लिये आर्थिक कार्य विभाग द्वारा यू एस एड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किये गये हैं। कार्यान्वित किये जाने वाले कार्यक्रम का ब्यौरा तैयार किया जा रहा है।

Non-Functioning of C.G.H.S. Dispensary at Palam Colony

3374. MAULANA OBAIDULLAH KHAN AZMI: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the C.G.H.S. Dispensary No.. 26 is not working in Palam Colony, New Delhi since August, 1992 and C.G.H.S. beneficiaries have to go to another dispensary located at Delhi cantonment area;

(b) if so, the reasons therefor; and

(c) by when the dispensary is likely to be operational again in the Palam Colony?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRIMATI D.K. THARA DEVI SIDDHARTHA): (a) Yes, Sir

(b) The dispensary building in Palam Colony has been declared dangerous for further use.

(c) As soon as suitable accommodation becomes available, for which all efforts are being made, the C.G.H.S. dispensary will be shifted to Palam Colony.

अ० भा० आ० वि० संस्थान में हृदय वक्ष शल्य चिकित्सा केन्द्र में मौतें

3375. श्री विश्वासराव रामराव पाटिल: क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान चिकित्सा संस्थान में हृदय वक्ष शल्य चिकित्सा केन्द्र में हाल में जितने रोगियों के आपरेशन किए गए थे, उन सभी की मौत हो गई है;

(ख) यदि हां, तो पिछले छह महीनों में कितने व्यक्तियों की मौत हुई और कितने व्यक्तियों को आपरेशन के बाद छूत लग गई है; और

(ग) सरकार इस विभाग की स्थितियों में सुधार करने के लिए क्या कदम उठा रही है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती डी० के० तारा देवी सिद्धार्थ): (क) जी नहीं।

(ख) और (ग) अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान द्वारा सूचित किया गया है कि पिछले छः महीनों के दौरान शल्यक्रिया के तुरंत बाद और उसके कुछ समय पश्चात् हुई मौतों की कुल संख्या 49, अर्थात, की गई शल्यक्रियाओं का 4.9% थीं। इनकी तुलना विश्व के कुछ